खबर संक्षेप

## आयातित तुअर के मंडी शुल्क में छूट पर दाल संघ ने माना आभार

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कटनी में माइनिंग कॉन्क्लेव के दौरान तुअर दाल संघ के प्रतिनिधियों ने भेंट कर राज्य सरकार द्वारा आयातित तुअर पर मंडी शुल्क में छूट प्रदान करने के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह कदम दाल उद्योग को संकट से उबारते हुए नए जीवन का संचार करेगा और उद्योग जगत को मजबूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रतिनिधियों ने आभार स्वरूप धन्यवाद पत्र भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सदैव जनता और किसानों के हित में कार्य कर रही है। उद्योगों के विकास और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आगे भी राज्य सरकार उद्योग और व्यापार जगत की बेहतरी तथा किसानों के उत्थान के लिए ठोस कदम उठाती रहेगी। इस अवसर पर परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, सांसद वी.डी. शर्मा, विधायक गण, संभागायुक्त धनंजय सिंह, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## भव्य शोभायात्रा और वाहन रैली आज

**स्लीमनाबाद।** समीपस्थ ग्राम पंचायत बिलहरी मै सर्व यादव समाज संगठन के तत्वाधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर सर्व यादव समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा वाहन रैली निकाली जाएगी। वाहन रैली श्रीकृष्ण मंदिर खरखरी न. 2 से प्रारम्भ होकर बिलहरी के गौरईया बाबा स्थल से बड़ी शारदा मंदिर से होते हुए नगर भ्रमण करते हुए चंडी माता मंदिर पहुंचेंगी जहाँ कार्यक्रम का समापन होगा। सर्व यादव समाज ने सभी से कार्यक्रम पहुंचने का आग्रह किया है।

## अलग अलग सड़क हादसे में दो हुए घायल

**कटनी।** अलग अलग स्थानों में हुए सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत पहरुआ निवासी अजय कुशवाहा को एक अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में अजय गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। इसी तरह बहोरीबंद के मेन रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के पास ग्राम महंगवा निवासी सुनील दुबे को एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और चालक की पहचान के प्रयास जारी हैं।

### कॉन्क्लेव में हुए 3 एमओयू प्रदेश के लिये महत्वपूर्ण, माइनिंग से है कटनी की पहचानः 25 अगस्त को 4 मेडिकल कॉलेजों के लिए एमओयू

# राज्य सरकार मेडिकल कॉलेज खोलने पर 1 रुपए में 25 एकड़ जमीन देगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कटनी के अरिंदम होटल में आयोजित माइनिंग कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खनिज संसाधनों के मामले में मध्यप्रदेश कभी किसी से पीछे नहीं रहा है। अब नई परिस्थितियों और संभावनाओं के अनुरूप हम मध्यप्रदेश को देश के माइनिंग स्टेट के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश का यही सही समय है। आप मध्यप्रदेश में अपना उद्योग लगाईए, बड़े सपने देखिए, इन्हें पूरा करने में हम आपकी हर संभव मदद करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों से अपील की कि दिल खोलकर मध्यप्रदेश में बेहिचक निवेश कीजिए, हम आपको निराश नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कटनी में आज हुई कॉन्क्लेव में मिले निवेश प्रस्ताव यह दर्शाते है कि देश के विभिन्न अंचलों के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश आकर्षित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कटनी में आयोजित मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 में खनन क्षेत्र के उद्योगपतियों और खनन उद्योग लगाने के इच्छुक निवेशकों को संबोधित कर रहे थे।





### 8 माइनिंग कंपनियों के प्रस्ताव मिले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर्ष जताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में खनिजों की खोज और खनन क्षेत्र में नई संभावनाओं को एक्सप्लोर करने की दिशा में यह आयोजन बहुत सफल रहा है। कटनी कॉन्क्लेव से सरकार को आठ माइनिंग कम्पनियों द्वारा 56 हजार 414 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। ये निवेश प्रस्ताव हमें और बेहतर करने की नई ऊर्जा देकर उत्साहित भी करते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य शासन ने क्रिटिकल मिनरल की खोज, प्रसंस्करण और संवर्धन के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के साथ एमओयू किया। शासन ने खनन क्षेत्र में आर्टिफियल इंटेलीजेन्स, आईओटी, ब्लॉक चेन, रिमोट सेंसिंग के उपयोग के मद्देनजर धनबाद की टेक्समिन आईएसएम के साथ भी एमओयू किया। इसी तरह खनिज अन्वेषण अनुसंधान के लिए राज्य शासन ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के साथ भी एमओयू साइन किए गए हैं। यह एमओयू मध्यप्रदेश के खनिज क्षेत्र को ऊँचाइयां प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि तांबे का मानवता का संबंध सोने-चांदी से कही अधिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक विजनरी लीडर हैं। उन्होंने हर वर्ग की जरूरतों को पूरा करते हुए गुजरात में विकास का जो मॉडल खड़ा किया, आज हम सभी उससे परिचित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गोमाता हमें दूध उपलब्ध कराती है और बच्चे को भी पिलाती है। भारतीय संस्कृति की धारा दोहन की है, शोषण की नहीं। दुनिया के बड़े-बड़े देश अपना माल खपाने के लिए चालाकी का रास्ता अपना रहे हैं। लेकिन आज हमारे उद्योगपति आगे बढ़ रहे हैं। उद्योगपति अपने साथ दूसरों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हैं। आइए मध्यप्रदेश से जुड़िए, यहां पर्याप्त लैंड बैंक, बिजली, पानी है। प्रदेश में शीघ्र ही एयर कार्गो की सुविधा भी मिलेगी और दो मेट्रोपोलिटन सिटी भी बनने जा रहे है।

### 25 अगस्त को मिलेगी बड़ी सौगात

मुख्यमंत्री ने कहा है कि कटनी में खनिज का भंडार है। अब तो क्रिटिकल और माइनर मैटल भी मिल रहे हैं। पन्ना में हीरे मिलते हैं तो कटनी में भी सोना मिल सकता है। राज्य सरकार ने सभी सेक्टर्स के विकास के लिए पारदर्शी नीतियां लागू की हैं। पहले इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की हैं। अब सेक्टर आधारित कॉन्क्लेव कर रहे हैं। आगामी 27 अगस्त को उज्जैन में स्प्रिरीचुअल कॉन्क्लेव हो रही है और ग्वालियर में भी 31 अगस्त को टूरिज्म कॉन्क्लेव होगी। राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। जब भारत 2047 तक विकसित देश बनेगा तो प्रदेश की परिस्थितियां भी बदल जाएगी। राज्य सरकार ने युवाओं के प्रशिक्षण के लिये कई योजनाएं बनाई हैं।

**कटनी को 25 अगस्त को बड़ी सौगात :**

**प्रदेश में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेजों के साथ अस्पताल शुरू किए जा रहे हैं। राज्य सरकार मेडिकल कॉलेज खोलने पर 1 रुपए में 25 एकड़ जमीन देगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष 25 अगस्त को 4 मेडिकल कॉलेजों के लिए एमओयू होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग के लिए 29 तरह की अनुमतियों को कम करके मात्र 10 कर दिया गया है। प्रदेश सरकार ने श्रम कानून में बदलाव करते हुए महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति दी है। प्रदेश सरकार की नीतियों से आज दूसरे राज्य भी सीख ले रहे हैं। मध्यप्रदेश देश का नंबर-1 राज्य बने, इसके लिए तेज गति से कार्य हो रहे हैं।**

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से किया वर्चुअल संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में राजीव मुंद्रा (कोलकाता), जेपी अग्रवाल (श्रीलंका), विवेक भाटिया (दिल्ली), वी.साईंराम (कोचीन), थॉमस चेरियन (हैदराबाद) से उनकी निवेश योजनाओं एवं अनुभव को लेकर वर्चुअल संवाद किया। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार मानते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की सहज और सरल औद्योगिक नीतियों से हम बहुत कम समय में अपनी इकाई स्थापित कर पा रहे हैं। यह अन्य किसी राज्य में संभव नहीं है। श्री विवेक भाटिया ने कहा कि भारत में मध्यप्रदेश को बिल्कुल अलग तरह से देखा जा रहा है। सीआईआई से जुड़ी 100 से अधिक माइनिंग कंपनियां मध्यप्रदेश के खनन क्षेत्र में बड़ी संभावनाएं देख रही हैं। बीना रिफाइनरीज सहित अन्य स्थानों पर विभिन्न गतिविधियां संचालित हैं। कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियां प्रदेश में निवेश बढ़ाना चाहती हैं। वी. साईंराम ने कहा कि हमारी कंपनी कोल इंडिया का 18 प्रतिशत कोल प्रोडक्शन कर रही है। सिंगरौली कोल प्रोडक्शन का बड़ा केंद्र है। केंद्र और राज्य सरकार की उद्योग केंद्रित नीतियों के बल पर हमें केवल 55 दिनों फॉरेस्ट क्लियरेंस मिला है। श्री थॉमस चेरियन ने कहा कि क्रिटिकल मिनरल्स देश के लिए महत्वपूर्ण है और मध्यप्रदेश में यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। आदित्य बिरला ग्रुप सरकार के साथ कार्य करने के लिए तैयार है।

### औद्योगिक विकास को गति प्रदान की : प्रभारी मंत्री श्री सिंह

कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि भारत माता के गर्भ से निकले खनिज पूरी दुनिया में बेचे जाते हैं। उद्योगपतियों के माध्यम से धरती मां एक तरह से व्यवस्था का संचालन कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि आधारित प्रदेश की छवि को बदलकर औद्योगिक विकास को गति प्रदान की है। पहले हम उद्योग की बात करते थे तो गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु का नाम सामने आता था। प्रदेश में निरंतर उद्योग केंद्रित आयोजन कर राज्य सरकार ने अभूतपूर्व निवेश प्राप्त किये है। नए उद्यमियों के लिए सरकार ने कई प्रकार की सहायता देने की योजना बनाकर उन्हें प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया है।

### मध्यप्रदेश की धरती रत्नगर्भा

खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश को आर्थिक दृष्टि से संपन्न बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव निरंतर प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार संपूर्ण प्रदेश को आगे ले जाने के लिए कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश की धरती रत्नगर्भा है। कटनी में माइनिंग कॉन्क्लेव प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। पन्ना में हीरा के खनन के साथ उसकी पॉलिसिंग भी स्थानीय स्तर पर होगी। नौजवानों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। युवाओं के कौशल विकास के लिए कटनी में माइनिंग इंस्टीट्यूट शुरू करना चाहिए। सिंगरौली में पहले ही ऐसा एक इंस्टीट्यूट खोला जा चुका है। भविष्य में कटनी देश का प्रमुख और औद्योगिक शहर बनेगा।

### उद्योगपतियों ने साझा किये अनुभव

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के चेयरमैन श्री संजीव कुमार सिंह ने कहा कि तांबा एक शाश्वत धातु है। भारत में तांबे के उपयोग का प्राचीन इतिहास रहा है। हमारी 12 मिलियन टन तांबा उत्पादन क्षमता में 5 टन मलजखंड खदान से आएगा। कंपनी ने 32 टन कॉपर राम मंदिर निर्माण के लिए दान दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सहयोग से मध्यप्रदेश को तांबा उत्पादन में अग्रणी बनाएंगे। माइनवेयर एडवायजर के एमडी श्री कौशिक बोस ने कहा कि हमारी कंपनी मैकेनाइज माइनिंग करती है। राज्य में 450 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दी जा रही सुविधिाओं के लिये आभार माना। कॉन्क्लेव में सहभागी बने अन्य उद्योगपतियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए मध्यप्रदेश की खनन नीति की सराहना की।

## हेलीपैड एवं 5 किलोमीटर लंबे रोड-शो में मुख्यमंत्री का हुआ आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का शनिवार को कटनी जिले के झिंझरी स्थित हेलीपैड पर शाम 4.34 बजे हेलीकॉप्टर से आगमन हुआ। मुख्यमंत्री के साथ सांसद वीडी शर्मा का भी आगमन हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यहां परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, विधायकगण, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, जिला पचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, जिला भाजपा अध्यक्ष ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यहां हेलीपैड पर कमिश्नर धनंजय सिंह, आईजी प्रमोद कुमार वर्मा, डीआईजी अतुल सिंह कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने गुलदस्ता भेंट कर अगवानी की।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का शनिवार को कटनी हेलीपैड से माइनिंग कान्क्लेव स्थल तक पहुंचने के करीब 5 किलोमीटर लंबे रोड-शो के दौरान कटनीवासियों ने पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। हेलीपेड से लेकर माइनिंग कान्क्लेव स्थल तक करीब 5 किलोमीटर लंबे रोड-शो के दौरान 19 स्थानों में स्टाल लगाकर लोगों ने मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया।

मुख्यमंत्री डॉ यादव का पुलिस लाइन पेट्रोल पंप, दद्दा धाम के सामने, झिंझरी, हनुमान मंदिर झिंझरी पुलिस चौकी, बिलहरी मोड़, जिला पंचायत कार्यालय गेट, कलेक्ट्रेट गेट ,काली माता मंदिर और दिव्यांचल मैरिज गार्डन सहित अन्य स्थानों पर लोगों ने आत्मीय स्वागत किया।

### जिम्मेदार अधिकारियों की बेपरवाही से नियमों का उल्लंघन

## गांव-गांव में किराना, चाय-नाश्ता की दुकानों पर बिक रहा पेट्रोल व डीजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

अति ज्वलनशील पदार्थों में शामिल पेट्रोल -डीजल बहोरीबंद विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में सडक़ किनारे बनी किराना या चाय नाश्ता दुकानों पर खुलेआम बेचा जा रहा है। पेट्रोल पंप से केन या बोतलों में भी पेट्रोल भर कर दिया जा रहा है। प्रतिबंध के बावजूद भी इन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। कुछ लोग झोपड़ी और टीन शेड में रुपयों की लालच में अपनी और दूसरों की जिंदगियों से खिलवाड़ कर रहे हैं। यह सिलसिला लगातार चला आ रहा है , इस तरह खुलेआम पेट्रोल या डीजल बेचने को लेकर लंबे समय से कार्रवाई नहीं होने से क्षेत्र में थोड़ी-थोड़ी दूर पर प्लास्टिक की केन में पेट्रोल भरकर ज्यादा दाम में बेचने वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। ये लोग ग्रामीण क्षेत्रों में सडक़ किनारे पेट्रोल बेच रहे हैं। जिम्मेंदार इसपर आंखे मूंदे दिखाई देते हैं।लोगों का कहना है कि प्रशासन को अवैध पेट्रोल डीजल की बिक्री पर लगाम लगाना चाहिए।



### जिम्मेदारों को है जानकारी

विकासखण्ड क्षेत्र के लगभग हर एक गांव में सडक़ किनारे दुकानों पर अवैध पेट्रोल डीजल बेचा जा रहा है। इन रास्तों से प्रशासनिक अधिकारी भी आते जाते हैं। दिखावे के लिए छिटपुट कार्रवाई की जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण अंचलों मैं बाइक अथवा चार पहिया वाहन का इंधन खत्म हो गया है, तो चिंता करने की बात नहीं है। चंद कदम चलने के बाद ही आपको डीजल-पेट्रोल मिल जाएगा। पेट्रोल पंपों से 10 से 20 रुपए महंगे दाम पर आसानी से मिल रहा है। ज्वलनशील पदार्थ का स्टॉक रखना गैरकानूनी है, लेकिन इन्हें न प्रशासनिक कार्रवाई का डर है और न ही किसी हादसे का।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम राकेश चौरसिया का कहना है कि बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र मे गांव-गांव सड़क के किनारे पेट्रोल-डीजल बिक रहा है तो यह नियम विरुद्ध है।क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा।साथ ही ऐसे लोगो के खिलाफ जो पेट्रोल-डीजल का बिक्री कर रहे उनके खिलाफ भी कारवाई की जाएगी।

### 22 महीने पहले नीमखेड़ा उपस्वास्थ्य केंद्र का हुआ था लोकार्पण

## नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र में लटका रहता है ताला, मरीजों का भटकाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

ग्रामीण अंचलों में ग्रामीणों को सरलता से प्राथमिक उपचार व स्वास्थ्य सेवाओं का मिल सके इसी उद्देश्य से शासन द्वारा उपस्वास्थ्य केंद्र खोले जा रहे है लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को नही मिल पाता।

ताजा मामला बहोरीबंद विकासखण्ड अंतर्गत नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र नीमखेड़ा का सामने आया है। जहां 49 लाख रुपये की लागत राशि से उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया।जिसका लोकार्पण 21 सितंबर 2023 को विधायक प्रणय पांडेय के द्वारा किया गया। लोकार्पण होने के बाद आसपास के 5 हजार ग्रामीणों को आस जागी थी कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी ।स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए लंबी दूरी तय नही करनी पड़ेगी। लेकिन 22 माह के समय बीत जाने के बाद भी अब तक नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र शोपीस बना हुआ है जहां उपचार के लिए आने वाले ग्रामीणों को बिना उपचार ही वापस लौट जाना पड़ता है। उप स्वास्थ्य केन्द्र पर आए दिन ताला लटकता नजर आता है।



### नियमित डाक्टर की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि यहां नियमित चिकित्सक की पदस्थापना नही है जिस कारण किसी को अतिरिक्त जवाबदेही दी गई।जो सप्ताह में एक-दो दिन उपस्वास्थ्य केंद्र का ताला खुलता है जिसके कारण लोगों को प्राथमिक उपचार की सुविधा नहीं मिल पाती है। उपचार के लिए लंबी दूरी तय कर ग्रामीणों को बहोरीबंद या स्लीमनाबाद जाना पड़ता है या फिर झोलाछाप डॉक्टरों से उपचार करवाना पड़ता है। यहां तक कि ग्रामीणों द्वारा स्वास्थ्य विभाग को भी कई बार सूचना दी गई की उपस्वास्थ्य केंद्र बन गया है तो चिकित्सा स्टॉफ की भी पदस्थापना की जाए जिससे मरीजो को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

### इनका कहना है

इस संबंध में बीएमओ बहोरीबंद डॉ आंनद अहिरवार का कहना है कि नीमखेड़ा नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक स्टाफ की पदस्थापना को लेकर विभागीय स्तर पर पत्राचार किया गया है।राज्य स्तर से पदस्थापना की जानी है। जब तक स्वास्थ्य सुविधाये ग्रामीणों को बेहतर मिल सके।इसके लिए जो स्टाफ अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में है। उन्ही की सहायता से स्वास्थ्य कामकाज संचालित किया जा रहा है।

## कान्क्लेव में लगी प्रदर्शनी बनीं आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने माइनिंग कान्क्लेव में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।प्रदेश में औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने के लिए कटनी के होटल अरिंदम में शनिवार को आयोजित माइनिंग कान्क्लेव के दौरान बेजान पत्थरों पर की गई कारीगरी से बनी मूर्तियां और पत्थर शिल्प पर की गई नक्काशी के बाद बने पत्थर उत्पादों की विभिन्न जिलों के माइनिंग बेस्ड उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई ।



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रदर्शनी में खरे स्टोन इनस्क्राइबिंग ब्यूटी ऑन स्टोन द्वारा कटनी सैंडस्टोन से निर्मित सुंदर एवं आकर्षक भगवान की मूर्तियां सहित अन्य कलात्मक पत्थर उत्पादों को सराहा। प्रदर्शनी में मंडला की मार्बल और मिनरल्स पर आधारित मृदुकिशोर कंपनी के ग्रेनाइट उत्पादों,आईआरइएल इंडिया लिमिटेड द्वारा सीरियम मेटल, लांथनुम मेटल, टाइटेनियम स्टोन, मैग्नेट, आर ई ऑक्साइड, लैंप एवं एल ई डी फास्फोर का प्रदर्शन, ओजस्वी मार्बल एंड ग्रेनाइट प्राइवेट लिमिटेड मार्बल एवं स्लैब से निर्मित सामग्री, फॉर्च्यून स्टोन लिमिटेड छतरपुर द्वारा छतरपुर बेस्ड विभिन्न प्रकार के ग्रेनाइट के स्लैब, डायनिंग टेबल, टी टेबल, वॉच इत्यादि सामग्री निर्माण के विक्रय एवं प्रदर्शन स्टाल के प्रति लोगों ने दिलचस्पी दिखाई। वहीं जे के सीमेंट द्वारा विभिन्न प्रकार की सीमेंट मैक्स सील, पेंट्स का स्टाल लगाया गया।

प्रोपेल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड सेमी मार्बल सीरीज, मृदुकिशोर मार्बल लिमिटेड द्वारा मार्बल से निर्मित सामग्री सहित अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई जो कॉन्क्लेव आयोजन स्थल पर सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही। उत्पादों की लगी प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र रही। प्रदर्शनी में कई नामचीन औद्योगिक इकाइयों, प्रतिष्ठित ब्रांडों के उत्पादों और कई तकनीकी नवाचारों को प्रदर्शित किया गया।

## खबर संक्षेप

### रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेला 28 को

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से गुरूवार 28 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आईटीआई रोशन नगर एनकेजे कटनी में एक विशाल रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही रोजगार के साथ-साथ, मेले में 18 से 45 वर्ष के स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को भी सहायता प्रदान की जाएगी। ऋण प्रदाता सरकारी विभाग भी उपस्थित रहेंगे, जो युवाओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देंगे और उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने में मदद करेंगे। इस मेले में 18 से 35 वर्ष की आयु के 8वीं से लेकर स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा तक की शिक्षा प्राप्त युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। मेले में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूचियां, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी, आधार कार्ड, जाति और मूल निवासी प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा।

### पिछले साल से 8.1 फीसदी अधिक औसत वर्षा की गई रिकॉर्ड

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से 22 अगस्त तक कुल 852.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1115.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 788.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 8.1 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 928.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1115.4 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 809 मिलीमीटर, बरही तहसील में 742 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 745 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 758.1 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 956.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 761.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### दो युवकों ने फांसी लगा की आत्महत्या

**कटनी।** दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटनाएं माधवनगर व ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र की है। सूचना पर पुलिस ने मामलों को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इन्द्राज्योति कॉलोनी में साहिल बर्मन पिता इन्द्रकुमार बर्मन 19 का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। वहीं ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झिन्ना पिपरिया में सुरेंद्र पिता मानिक लाल कोल 22 का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। सूचना पर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामलों को जांच में लिया है।

---

गणेशोत्सव पर्व को लेकर दिखने लगा उत्साह, शहर के कई स्थानों में बिक रही प्रतिमाएं

# सजने लगे पंडाल, प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने जुटे मूर्तिकार, जगह जगह लगी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश के गणेशोत्सव पर्व को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है। गणेशोत्सव पर्व के लिए महज चार दिनों का समय ही शेष है। गणेशोत्सव समितियों द्वारा गणेश भगवान की प्रतिमाओं को स्थापित करने पंडालों का निर्माण शुरू कर दिया गया है। शहर में जगह जगह गणेश प्रतिमाओं की दुकानें सज गई है। नगर के फारेस्टर मैदान सहित शेर चौक में भी कई दुकानों में प्रतिमाओं की बिक्री हो रही है। वहीं मूर्तिकार भी अब प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। बड़ी प्रतिमाओं के निर्माण के लिए समितियों द्वारा मूर्तिकारों के यहां महीने भर पहले से ही आर्डर बुक करा चुके हैं। गणेशोत्सव पर्व में पंडालों के अलावा बड़ी संख्या में घरों, दुकानों में भी बप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं।

देवों में प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश के उत्सव को लेकर लोगों ने तैयारी शुरू कर दी है। गणेशोत्सव समिति ने चौक-चौराहों में पंडाल लगाना शुरू कर दिया है। वहीं मूर्तिकारों ने विघ्नहर्ता के प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। मूर्तिकार ने बताया कि छोटी-बड़ी मूर्तियों को सजाने का काम चल रहा है। छोटी मूर्तियों की डिमांड ज्यादा रहती है इसलिए इसकी संख्या अधिक है।

### जी जान से जुटे मूर्तिकार

बरही रोड स्थित प्रेम रामायण समाज भवन में पश्चिम बंगाल के मूर्तिकारों ने बताया कि कई वर्षो से मूर्तियां बना रहे है। वे इस बार भी नए-नए रूप में गौरी के लाला को संवार कर अपनी प्रतिभा से लोगों का दिल जीत रहे है। उन्होंने चर्चा करते हुए बताया कि वे हर बार मूर्तियों को एक नया आकार देने की कोशिश करते आए है। लोगों की डिमांड और ऑर्डर के तहत भी कुछ विशेष मूर्तियों को इस बार भी वे तैयार कर रहे हैं। मूर्तियों को अंतिम रूप देने में कलाकार काफी मेहनत कर रहे है। विभिन्न गणेशोत्सव समितियों द्वारा इस बार भी गणेश उत्सव की काफी विशेष तैयारियां की जा रही है। विभिन्न चौक-चौराहों पर गणेशोत्सव समितियों द्वारा पंडाल बनाने में लगे हुए हैं।

गणेश चतुर्थी के पर्व को लेकर मूर्तिकार दिन-रात गणेश मूर्तियां बनाने में लगे हुए हैं। ज्ञात हो की 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की प्रतिमा विराजमान किया जाएगा। जैसे-जैसे गणेश चतुर्थी का पर्व नजदीक आ रहा है। ऐसे में अब मूर्तिकार भी गणेश मूर्तियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। फारेस्टर मैदान सहित शेर चौक गली में दुकानों के अंदर रखी तैयार छोटी-बड़ी रंग-बिरंगी अगल-अलग मूर्तियां हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं।

---



# अस्थायी अतिक्रमण एवं पार्किंग की वजह से जाम की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर के अति व्यस्ततम मार्गों एवं बाजार क्षेत्र में अस्थायी अतिक्रमण के चलते न सिर्फ आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि जाम की समस्या से भी वाहन चालक व आम राहगीर परेशान हो रहे हैं। दुकानदारों को सामान हटाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर हिदायत भी दी जाती है लेकिन इसका कोई खास असर नहीं होता। न ही कहीं फुटपाथ खाली हुआ है और न ही कहीं सड़क पर रखी दुकान सामग्री को हटाने के लिए कोई तैयार है।

दिलबहार चौक से मिशन चौक तक मुख्य मार्ग यातायात के भारी दवाब के बावजूद अतिक्रमण के चपेट में है। कमानिया गेट गली, सुभाष चौक, सिल्वर टाकीज तिराहा, गर्ग चौराहा, सब्जी मंडी, मोहन टाकीज गली, कारगिल चौराहा, सराफा बाजार रोड, तहसील के सामने, बस स्टैंड, गोलबाजार, झंडा बाजार गली में अस्थायी अतिक्रमण पसरा हुआ है। लोगों ने अब मुख्य बाजार में जाम से निजात की उम्मीद छोड़ दी है। प्रयोगो से और फजीहत है। दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार मौका दिया जा चुका है लेकिन समस्या नहीं सुधरी। नगर के मुख्य मार्गों के किनारे बेतरतीब पार्किंग एवं तिपहिया व चारपाहिया वाहनों को कहीं भी खड़ा करने से भी जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मेन रोड सहित अन्य व्यस्ततम स्थलों को रेड जोन चिन्हित करते हुये चेतावनी बोर्ड भी लगवाया गया है लेकिन वही बोर्ड अतिक्रमण के लिये आड़ बन गया है।

---

बहोरीबंद पुलिस ने की कार्यवाही, 440 पाव देशी शराब की गई जब्त

# बाइक से शराब का अवैध परिवहन करते 3 पकड़ाए, आरोपितों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बाकल पुलिस ने शराब का अवैध परिवहन करने वाले बाइक सवारों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के पास से बड़ी मात्रा में देशी शराब बरामद की गई। कार्यवाही के बाद उनको न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार बाकल पुलिस ने अवैध शराब परिवहन करते हुए एक मोटर सायकल बिना नंबर की प्लेटिना का पीछा किया जो चालक मोटर व अवैध शराब छोड़ छोड़कर भाग गया। मोटर सायकल मे बंधी बोरी को खोलकर देखे जिसमे कुल 119 पाव देशी मदिरा मशाला कुल कीमती 11900/- रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया एवं फरार आरोपी चालक का कृत्य धारा 34(1) आबकारी एक्ट का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना दौरान फरार आरोपी चालक अमित मेहरा पिता रामबगश मेहरा 26 साल निवासी ग्राम पिपरिया थाना बाकल की पता तलास उपरान्त मिलने पर पूछताछ पर जुर्म स्वीकार किया।

थाना बाकल पुलिस ने मखबिर की सूचना मिलने पर ग्राम राजा सलैया छिन्दहा नाला के पहले एक काले रंग की मोटर सायकल हीरो होण्डा कंपनी की स्पलेण्डर मोटर सायकल क्र. HR 32 C 9128 मे दो व्यक्ति 01. सरवर खान पिता शहजाद खान 60 साल निवासी सलैया स्टेशन चौकी सलैया, मुन्ना कुशवाहा पिता मणि कुशवाहा 60 साल निवासी सलैया स्टेशन चौकी सलैया थाना रीठी के एक बोरी मे अवैध 320 पाव (57.6 लीटर) लाल देशी मशाला शराब सीलबंद हालत मे कुल कीमती 32000/- रूपये की तस्करी (अवैध शराब परिवहन) करते पाये जाने पर उक्त अवैध शराब एवं एक काले रंग की हीरो होण्डा मोटर सायकल क्र. HR 32 C 9128 को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया। आरोपियो का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं मौके पर गिरफ्तार कर अभिरक्षा मे लेकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय के आदेश से उक्त दोनो आरोपियो की जिला जेल निरूद्ध किया गया।

---

## नगर में स्वच्छता बनाये रखने चलाया जा रहा अभियान



नगर में रोजाना दो शिफ्ट में की जा रही सफाई व्यवस्था के तहत दुगाडी नाला पुलिया के ऊपर मार्ग के किनारे नालियों में जमा मिट्टी एवं अपशिष्ट की कटाई की जाकर खरपतवार की छटाई का कार्य किया गया।वहीं खिरहनी फाटक ओव्हर ब्रिज के नीचे, चांडक चौक, पुल सहित मिशन चौक से गांधी द्वार, सुभाष चौक, गोल बाजार, बस स्टेण्ड परिसर, यात्री प्रतिक्षालय, झंडा बाजार, मैकेनिक लाईन, कनकने स्कूल प्रांगण, उपनगरीय क्षेत्र डर्बी होटल के आसपास सहित मुख्य मार्गो के डिवाइडर की सफाई का कार्य किया गया। निगमायुक्त श्री दुबे ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि गंदगी की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए और नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं, महापौर ने नगरवासियों से अपील की है कि वे गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग कर निगम वाहन को ही सुपुर्द करें तथा स्वच्छता अभियान में सहयोग प्रदान करें ताकि बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण मिल सके।

---

# मौसमी बीमारियों से ग्रसित हो रहे लोग, अस्पतालों में लग रही मरीजों की कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

इन दिनों मौसमी बीमारियों का प्रकोप से लोग ग्रसित हैं। उल्टी, दस्त, बुखार, टायफाइड जैसी बीमारियों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। बच्चों से लेकर बड़े तक इसकी चपेट में हैं। हालांकि बच्चे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। डायरिया, टाइफाइड जैसी बीमारियों से बचाव के लिए डाक्टरों ने एहतियात बरतने की जानकारी दी है। जिला अस्पताल सहित निजी हास्पिटलों में भी मरीजों की लंबी कतारें देखने मिल रही हैं। सरकारी अस्पतालों में आलम यह है कि मरीजों को बेड सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है मजबूरीवश फर्श पर लेटकर इलाज कराना पड़ रहा है।

डाक्टरों का कहना है कि बारिश के इस मौसम में डेंगु, चिकनगुनिया के साथ-साथ पीलिया, टायफाइड, डायरिया जैसी बीमारियां बहुत ज्यादा फैलती हैं। बरसात में होने वाली मौसमी बीमारियां पर जरा सी लापरवाही आपके तथा आपके परिवार के लिए खतरा बन सकती है। बरसात के मौसम मे सेहत संबंधित सावधानियां रखना बहुत आवश्यक होता है जरा सी भी असावधानी आपको बीमार कर सकती है। बरसात के मौसम में बीमार होने का मुख्य कारण आस-पास भरा जल भराव, मच्छर व कीड़े, अशुद्ध पानी पीना, वातावरण में नमी, बार-बार भीगना, मौसम के अचानक बदलाव लोगों को बीमार कर देता है। इस मौसम में वायरल फीवर सबसे आम समस्या होती है। बरसात के मौसम में सर्दी, जुखाम, खांसी, हल्का बुखार तथा सिर में दर्द आदि ये सब वायरल इंफेक्शन दर्शाते हैं। बारिश के मौसम में काफी सावधानी रखने की आवश्यकता है, बीमार या संक्रमण होने पर तत्काल चिक्तिसक से सलाह लें अन्यथा यह जानलेवा हो सकता है। मौसम में होने वाले परिवर्तन का स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। ऐसे में यदि खान-पान को लेकर थोड़ी सावधानी बरती जाए तो मौसम का आनंद उठाते हुए खुद को स्वस्थ्य भी रखा जा सकता है। इस बार मौसम के तापमान में बार-बार बदलाव होने के कारण बीमारी फैलाने वाले बैक्टीरियां और वायरस तेजी से पनप रहे हैं।

---

चाय नाश्ते के ठेलों से लेकर होटलों में खप रही रसोई गैस

# रसोई गैस का बेरोकटोक किया जा रहा व्यवसायिक उपयोग, जांच न कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

घरेलू उपयोग वाले रसोई गैस सिलेण्डर का फुटपाथी चाय नाश्ते के ठेलों से लेकर होटलों तक में व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। लेकिन खाद्य विभाग की टीम इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। साल भर में कभी कभार ही इस दिशा में खाद्य विभाग द्वारा रस्म अदाएगी के लिए कार्यवाही की जाती है। रसोई गैस का दुरूपयोग तो शहर में अधिकांश चाय चाश्ते के ठेलो में देखा जा सकता है। होटलों में यदि निरीक्षण किया जाए तो सच्चाई सामने आ सकती है। नगर व आसपास संचालित हाथठेला से लेकर फुटपाथी व होटलो में गैस के दुरूपयोग पर जांच कार्यवाही के लिये अभियान नही चलाया जा रहा है। घरेलू गैस व्यवसायिक की अपेक्षा सस्ती होने के कारण इसका दुरूपयोग होटलो में किया जाता है। विभागीय अधिकारियों द्वारा हाथठेला चालकों सहित होटलों में घरेलू गैस के दुरूपयोग को लेकर कार्यवाही नहीं की जाती।

एलपीजी गैस का दुरूपयोग रोकने प्रशासनिक स्तर पर नियमित कार्यवाही के अभाव में ज्यादातर प्रतिष्ठान संचालक ज्यादा मुनाफे के लिये नियम निर्देशो की धज्जियां उड़ा रहे है। आमतौर पर होटलो की रसोई पीछे होती है कार्यवाही की भनक लगते ही दो चार सिलेंडर बदलने में वक्त नही लगता। जबकि फुटपाथ पर अंडा, बिरयानी, चाट, चाय लगाने वाले व्यवसायी खुलेआम घरेलू गैस का ही उपयोग कर रहे है। फुटपाथियों के अलावा ऐसे अन्य होटल व्यवसाइयों की भी कमी नही है जो कारोबार से तगड़ा मुनाफा कमाने के बावजूद गैस का दुरूपयोग कर रहे है। खाद्य अमले द्वारा कभी कभार ही कायर्वाही की जाती है। नतीजन इसी ढिलाई का व्यवसायी खुलेआम फायदा उठा रहे है। इतना ही नही अनेक व्यवसायी तो असरदार होने या सैंटिग के खेल से भी व्यवसायिक की जगह घरेलू सिलेंडर खपा रहे है। इस दिशा में नियमित कार्यवाही की दरकार है ताकि घरेलू गैस के दुरूपयोग पर अंकुश लग सके। खाद्य विभाग द्वारा यदि नियमित रूप से जांच कार्यवाही की जाए तो रसोई गैस के दुरूपयोग पर काफी हद तक अंकुश लग सकता है।


शासन के निर्देश एवं तय गाइडलाइन के अनुसार रसोई गैस सिलेंडरो का उपयोग घरो में भोजन पकाने के लिये है। जबकि होटलो के अलावा किसी भी व्यावसायिक कार्य के लिये नीले रंग के व्यावसायिक सिलेंडरो का उपयोग जरूरी है। घरेलू गैस सिलेडर की अपेक्षा व्यावसायिक सिलेडर के लिये डेढ़ से दो गुना से कीमत चुकानी पड़ती है यही वजह है कि ज्यादा से ज्यादा बचत के लिये दुकानों में व्यावसायिक सिलेडर दिखावे के लिये तो रखे होते है या एक या तो उपयोग में भी होते है जबकि ज्यादातर उपयोग अपेक्षाकृत सस्ते पड़ने वाले घरेलू सिलेडरो का ही होता है।

---

यात्री प्रतीक्षालय सहित सामुदायिक स्वच्छता परिसर की भी दरकार

# स्लीमनाबाद में स्थाई बस स्टैंड नहीं हेने से यात्रियों को उठानी पड़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



गाँवो का सर्वांगीण विकास हो सके,सरकार की योजनाएं ग्रामों के विकास मैं धरातल तक मूर्तरूप ले सके इसके लिए ग्राम सरकार बनी है जो गांव के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती है। लेकिन बहोरीबंद विकासखण्ड की ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद जो कि तहसील भी है लेकिन स्लीमनाबाद में स्थाई बस स्टैंड और यात्री प्रतिक्षालय बनाने की ओर ध्यान नहीं दिया। वर्तमान में स्लीमनाबाद में करीब 7 हजार से अधिक की आबादी है। लोगों का कहना है कि यहां केवल जनसंख्या बढ़ रही है, सुविधाएं नहीं।

चुनाव के दौरान प्रत्याशियों ने जनता से जो वादे किए पर वह सिर्फ चुनावी जुमला साबित हुआ। स्लीमनाबाद में स्थाई बस स्टैंड की वर्षों से मांग चली आ रही है, पर अभी तक किसी जिम्मेदार ने इसे पूरा करने की जहमत नहीं उठाई। इस रोड पर जल्दबाजी में सवारी के उतरने-चढऩे से हादसों का डर बना रहता है। यहां बस संचालकों को भी बस खड़ा करने कई तरह की समस्या आ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि स्थाई बस स्टैंड और यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने के कारण यात्रियों को धूप में खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ रहा हैं।

सडक़ किनारे बने अघोषित बस स्टैंड से करीब 50 से अधिक बसों को संचालन प्रतिदिन कटनी,दमोह,जबलपुर, बहोरीबंद, मझौली,ढीमरखेड़ा, बड़वारा की ओर किया जाता है। उसके बावजूद यात्रियों की सुविधाओं के लिए यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण नहीं कराया जा रहा हैं। स्थानीय लोगों से लेकर जन प्रतिनिधियों ने कई बार प्रतीक्षालय की मांग की। गुहार आला अधिकारियों से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

### यात्री प्रतीक्षालय सहित सामुदायिक स्वच्छता परिसर की दरकार

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यात्री प्रतीक्षालय के अभाव मै यात्रियों को धूप में खड़ा होना पड़ता हैं। यहां पर बनी दुकानों के टीनशेड में खड़े होने पर दुकानदार लोगों को यहां पर खड़े होने से मना कर देते हैं, जिससे यात्रियों को बारिश, गर्मी, ठंड, के मौसम में परिजनों सहित खड़ा होना पड़ता है।

साथ ही सबसे बड़ी जो समस्या है वह सामुदायिक स्वच्छता परिसर की न होने की है। जिससे सबसे बड़ी परेशानी महिलाओं को होती है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जो सामुदायिक स्वच्छता परिसर ग्राम पंचायत के द्वारा बनाया गया है वह अघोषित बस स्टैंड स्थल को छोड़कर अन्यत्र जगह बना दिया गया है।

### जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी नही कोई सरोकार

स्थानीय निवासियों व व्यापारियों का कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधियों के द्वारा बड़े बड़े वादे किए जाते है।लेकिन चुनाव जीतने के बाद अपने ही वादों से जनप्रतिनिधि मुखर जाते है। यही कारण है कि सरपंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्य के अलावा विधायक भी निर्वाचित होकर जाते है।लेकिन मूलभूत सुविधाओं को लेकर किसी को भी कोई सरोकार नही रहता है। बहोरीबंद विधानसभा से कांग्रेस व भाजपा दोनो ही पार्टियों के विधायक बन चुके है।लेकिन स्लीमनाबाद मैं स्थाई बस स्टैंड की सुविधा पूरी नही हो सकी है।

### इनका कहना है

इस संबंध में विधायक प्रणय पांडेय का कहना है कि स्लीमनाबाद में स्थाई बस स्टैंड हो इसके लिए मांगे सामने आई है। स्थाई बस स्टैंड निर्माण हो सके इसके लिए प्रशासनिक स्तर से चर्चा कर जरूरी पहल की जाएगी।

इसी तरह जनपद सीईओ बहोरीबंद अभिषेक कुमार का कहना है कि तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद में बस स्टैंड सहित जो जरूरी मूलभूत सुविधाएं जरूरी है,इसके लिए निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया जाएगा।जो भी सुविधाओं की विशेष आवश्यकता होगी उन्हें पूर्ण कराने प्रशासनिक स्तर से भी प्रयास किये जायेंगे।

---

# रासायनिक धुआं से मच्छरों के विनष्टीकरण का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के मौसम में निरंतर हो रहे बदलाव के दौरान डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कैलेंडर अनुसार नगर के विभिन्न वार्डों में विशेष फॉगिंग अभियान प्रारंभ किया गया है।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत निगम के फॉगिंग मशीनों वाहन के माध्यम से विगत दिवस इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक एवं रफी अहमद किदवई वार्ड क्रमांक में क्षेत्रीय वार्ड पार्षद एवं दरोगा की मौजूदगी में विभिन्न गलियों, मोहल्लों तथा सार्वजनिक स्थलों पर रासायनिक धुआँ छोड़ा जाकर मच्छरों पर नियंत्रण के प्रयास किए

**नगर के विभिन्न वार्डों में चलाया जा रहा है फागिग अभियान**

गए। अभियान के तहत जयप्रकाश वार्ड क्रमांक 10 ,बाबू जगजीवन राम वार्ड क्रमांक 19, राम मनोहर लोहिया वार्ड एवं चंद्र शेखर आजाद वार्ड की विभिन्न गलियों में फागिंग मशीन से रासायनिक धुआं छोड़ा जाकर मच्छरों का विनिष्टकरण किया जाकर नागरिकों को राहत पहुंचने की कार्यवाही की जाएगी।

निगमायुक्त नीलेश दुबे ने बताया कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से फॉगिंग कार्य किया जा रहा है। साथ ही, उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि अपने घरों एवं आसपास के स्थलों, कूलरों आदि में पानी न ठहरने दें तथा स्वच्छता बनाए रखें।

## खबर संक्षेप

### वन समिति अध्यक्ष के रूप में माधव सिंह लोधी का निर्विरोध चयन

**दमोह।** ग्राम शाखा में न समिति अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर निर्वाचन अधिकारी डिप्टी रेंजर राशिद खान एवं बीट गार्ड नवल किशोर पटेल की देखरेख में पंचायत के सरपंच, सचिव और पंचों की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार के विरोध का सामना नहीं करना पड़ा और सर्वसम्मति से माधव सिंह लोधी को वन समिति का अध्यक्ष एवं मल्टी बाई रजक को उपाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर पिंटू दुबे ज्ञानी सिंह सीताराम सिंह विकेश सिंह भीकम सिंह जगत सिंह जनपद सदस्य सरपंच उजयार सिंह समस्त ग्राम वासियों ने माधव सिंह जी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। ग्राम वासियों ने विश्वास व्यक्त किया कि माधव सिंह जी के नेतृत्व में वन समिति ग्राम शाखा के वन संसाधनों का संरक्षण और संवर्धन करने में सफल होगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने माधव सिंह जी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके नेतृत्व में ग्राम शाखा के विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया।

### पवई में खाद वितरण में अव्यवस्था, किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** खरीफ सीजन के बीच किसानों को खाद नहीं मिलने से पवई क्षेत्र में आक्रोश बढ़ गया है। किसानों ने मंडी गोदाम में चल रही अव्यवस्था और ब्लैक मार्केटिंग के आरोप लगाते हुए शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी पवई को ज्ञापन सौंपा।

### ग्राम सर्रा में जनसमस्या निवारण शिविर : 110 आवेदनों का निराकरण

# राजस्व एवं वनभूमि का विवाद निपटाने सीमांकन करने टीम बनाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



ग्राम सर्रा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस में शासन के समस्त विभागो के लगभग 16 काउंटर लगाए गए थे। जिसमें लगभग तीन सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। राज्य मंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी व कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं समस्त विभागो के अधिकारियों ने लगभग 110 आवेदनो का तत्काल निराकरण किया। सबसे अधिक विस्थापन के संबध में व वन विभाग की भूमि एवं राजस्व विभाग की भूमि से जुडे मामले आए शिकायतो में कहा गया कि राजस्व विभाग की भूमि को वन विभाग अपनी भूमि बताकर किसानो को परेशान किया जा रहा है। जिसके संबध में कलेक्टर ने एक समिति बनाकर सभी विवादित भूमिओ का सीमांकन कराने के आदेश दिए है। खाद्यान्न पर्ची, बाढ़ प्रभावित मुआवजा राशि, वृद्धा पेंशन जैसी विभिन्न समस्याओं के आवेदन दिए गए। विस्थापन संघर्ष समिति के द्वारा कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, डीएफओ रानी दुर्गावति टाईगर रिर्जव नौरादेही अभ्याहरण सागर उपचालक एए अंसारी, दमोह डीएफओ ईश्वर जराडें को लगभग 12 मांगो को लेकर आवेदन दिया गया है। विशेष मांग जनजीव मिशन की ग्राम पाईप लाईन विछाकर लोगो पानी दिया जाए, ग्रामीण अपनी जमीन का क्रय विक्रया करने का अधिकार प्राप्त हो, वाहर वालो लिए विक्रय पर रोक लगाई जाए। अजीवका मिशन के द्वारा ग्राम में समूहो की आईडी चालूकर रोजगार प्रदान करे, कोर जोन के स्थान पर यथावत वफर जोन क्षेत्र में बनाया जाए। जैसी मांग रखी है। इस दौरान मंत्री श्री लोधी ने कहा कि बाढ़ के समय जब में गया था तब मैंनें कहा था कि आने वाले समय में बड़े शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिससे आप सभी की समस्याओं का निराकरण हो सकेगा और आज शिविर के माध्यम से विभिन्न समस्याओं के निराकरण किये गये है। हमने तय किया है कि हर माह शिविर का आयोजन किया जाएगा जिससे लोगों को तेंदूखेड़ा दमोह जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। क्षेत्र के लोगों को कोई दिक्कत परेशानी ना हो जिसके लिए मैं निरंतर कार्य कर रहा हूं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार विभिन्न योजनाओं को लेकर कार्य कर रही है। जबेरा विधानसभा के ग्रामों में जब बाढ़ आई तो तुरंत ही मदद की गई। शीघ्र ही मुख्यमंत्री के द्वारा राशि भेजी गई जिससे आठ दिन के पश्चात मुआवजा राशि प्रदान की गई मुझे लगता है कि यह पहली बार है कि इतनी जल्दी वितरित हुई है। इस दौरान एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार विवेक व्यास, नायब तहसीलदार चद्रशेखर शिल्पी, जनपद, एसडीओपी, डीएस ठाकुर, थाना प्रभारी नीतेश जैन, सहायक यंत्री एसके राज्य राज, रोहित यादव, महिलाबाल विकास अधिकारी कैलाश राय खादय विभाग से आदित दाहियां, जेई एमएफ अंसारी, आजीवका मिशन जिला परियोजना अधिकार शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सुमित तिवारी, पशुचिकित्सालय से डाक्टर हरिकांत विलवार के नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश जैन, मूरत सिंह ठाकुर, सचिन जैन, मुकेश व्या, सहित दर्जनो भाजपा के पदाधिकारी के अलावा झलोन सेक्टर के सभी सरंपच, सचिव, जीआरएस मोजूद रहे।

# जिला स्तरीय क्रिकेट टीम का चयन

## अंडर 19 में हटा, अंडर 17 में दमोह का दबदबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

पीएमश्री एमएलबी स्कूल में जिला स्तरीय अंडर 19 एवं 17 क्रिकेट टीम का चयन किया गया जहां जिले भर से शासकीय अशासकीय विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।चयन कर्ताओं ने बड़ी मेहनत से 15 सदस्यीय टीमों का चयन किया जो संभाग स्तरीय क्रिकेट में खेलने पहुंचेंगे। खेल मैदान में भिलौनी खमरिया से कक्षा पांचवीं में अध्ययरत अश्विनी पिता राम-लखन पटेल को केवल प्रदर्शन के लिए मैदान में उतारा गया इस छोटी सी बेटी ने अंडर 19 के बच्चों की गेंदबाजी में शानदार बैटिंग की प्रत्येक गेंद और बल्ले के संपर्क में उपस्थित दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं एवं बेटी का उत्साह वर्धन किया। छोटी सी बेटी को मैदान में निडरता से खेलते देख चयन कर्ताओं ने बेटी को एकेडमी में भेजने के प्रयास की बात कही।

अंडर 17 में अभिजीत खरे, नैतिक तिवारी, अनमोल असाटी,प्रिंस राठौर,अक्षय जैन, कृष्णा असाटी,अभि जैन,तरनदीप सिंह पाल, हार्दिक जैन,शुभ प्रताप सिंह,कबीर शाल्या ,निकिल ठाकुर, गिरधर विश्वकर्मा, सभी दमोह एवं यगराज पटेल, आदर्श चौरसिया हटा। अंडर 19 में शुभ तिवारी, अनिल अहिरवार, आकाश राजपूत,सत्यम लखेरा, राहुल पटेल, प्रशांत प्रजापति प्रियांश चौबे कार्तिक पटेल फहीम खान सभी हटा, करन अठया, अमन विश्वकर्मा पथरिया, अंबर जैन, रचित यादव,गगन तंतुवाय, राजवीर नवानी दमोह का चयन किया गया। टीम में चयन के लिए डॉ योगेश पंचौली खेल अधिकारी राघवेन्द्र सिंह हजारी कालेज हटा,आशीष जैन खेल अधिकारी नवोदय विद्यालय, शिक्षक शैलेंद्र परिहार , हरिराम अहिरवार ब्लाक समन्वयक हटा की भूमिका रही।

### 25 अगस्त को विशेष लगाये जायेंगे स्वास्थ्य जांच क्लीनिक

**दमोह।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 25 अगस्त दिन सोमवार को सिविल अस्पताल हटा सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं इनके क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण स्तर पर समुदाय के निकट संचालित आयुष्मान आरोग्यम उप स्वास्थ्य केन्द्र में विशेष स्वास्थ्य जांच-उपचार क्लीनिक आयोजित किये गये है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया सिविल अस्पताल हटा एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जांच-उपचार स्त्री रोग विशेषज्ञ/स्किल लैब प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा की जायेगी। वहीं 26 अगस्त दिन मंगलवार को जिला चिकित्सालय एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा की जायेगी।

# लूटखसोट करने के संबंध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**तेंदूखेड़ा।** शनिवार को तहसील कार्यालय के प्रांगण में समस्त स्टांप वेंडर द्वारा अधिक पैसा लिए जाने के संबंध में एक ज्ञापन एस.डी.एम के नाम से दिया गया है जिसमें शिकायतकर्ता शिकायतकर्ता गणो में राम कुमार पिता गिरन सींग जाति गौड सा. सर्रा टूडा,देव सींग पिता होरीलाल गौड सा. सर्रा टूडा,लाखन सींग पिता खलक सींग जाति गौड साकिन कोसमदा ,गुलाब सींग पिता वल्लू सीग बर्दघटी द्वारा बी.एस. सोनी एएँ समस्त स्टाम्प वैडर के खिलाफ आज दिनांक को मुवायजा राशि की सहमति बनबाने के लिये तहसील आये थे जो स्टाम्प पेपर पर बनता है। 100 रुप्ये का स्टाम्प सोनी जी से मांगा तो बोले 150 रुपया जमा करो तो हम लोगों ने कहा की 100 के 150 क्यो ले रहे हो तो उनका कहना है कि हम लोगो को दमोह से स्टाम्प लाना पड़ते है जिससे डी. आर (जिला पंजीयक) साहब को भी पैसा देना पड़ता है। इसलिये 100 के 150 एव्म 50 के 75 रुपये लिये गये है आज दिनाक की स्टाम्प क्रय किये है जो उनके रजिस्टर में दर्ज है। हम लोगों के पास मोबाईल नहीं है। इसलिए 181 पर शिकायत दर्ज नहीं करा सके परतु मेरे साथी कोसमदा निवासी लाखन सींग से भी 100 के 150 रु लिये गये थे जिसकी शिकायत 181 पर दर्ज कराई गई थी जिस पर जिला पंजीयक दवारा आज दिनांक तह कोई कार्यावाही नहीं की गई क्योंकि सटाम्प वैडरो द्वारा अवैध बसूली की कमीशन राशि स्टाम्प वैडरो द्वारा पहुंचाई जाती है। इस कारण से स्टाम्प वैडर मनमानी राशि बसूलते है ना देने पर स्टाम्प देने से मना कर देते है तथा उनका कहना है जहा शिकायत करना हो कर आओ हम लोगों का कोई बार नहीं पटा सकता है। इस तरह से हम आदिवासियों के साथ लूट की जा रही है निवेदन है कि लुटेरों पर नियामानुसार कार्यावही करने की मांग की।

### शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**पन्ना।** आगामी त्यौहार को लेकर सिमरिया थाने में थाना प्रभारी के नेतृत्व में हुई शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी जगतपाल सिंह ने कहा मूर्ति विसर्जन करते समय क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए छोटे बच्चे जहां विसर्जन हो रहा है वहां पर ना जाए प्रशिक्षित तैराक जिनको तैरना आता है उनकी निगरानी में विसर्जन करें पंडाल में आग से बचाव के लिए क्या सावधानी बरतनी चाहिए विस्तार से थाना प्रभारी ने समझाकर बताया शांति समिति की बैठक में सिमरिया के गणमान्य नागरिक पत्रकार जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# निःशुल्क साइकिल पाकर उत्साहित हुए छात्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

स्कूल शिक्षा विभाग एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा दूर दराज ग्रामों से विद्यालय आकर शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया जा रहा है। जिसके तहत जबेरा विकासखंड के शासकीय एकीकृत हाई स्कूल पौड़ी मानगढ़ में राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के पिताश्री भाव सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, ग्राम सरपंच मनोज राय सहित गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थित एवं विद्यालय प्राचार्य रामकिंकर शर्मा के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। साईकिल पाकर उत्साहित हुए विद्यार्थियों ने शासन के प्रति आभार माना। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती जी का पूजन कर एवं विद्यालय प्राचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत कर किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री के पिताश्री भाव सिंह लोधी ने विद्यार्थियों को साइकिलों का वितरण करते हुए कहा कि एक समय था जब विद्यार्थी कई किलोमीटर का पैदल सफर तय कर विद्यालय तक आते थे जिससे समय की बर्बादी होती थी और अध्यापन कार्य तक बीच में छोड़ना पड़ता था। किंतु आज मध्य प्रदेश शासन द्वारा दूर दराज से आकर पढ़ने वाले विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया जा रहा है जिससे छात्र समय पर विद्यालय पहुंचकर अध्यापन कार्य कर सकें। साथ ही सरकार द्वारा विद्यार्थियों को निशुल्क गणवेश पाठय पुस्तकें एवं छात्रवृत्ति सहित अनेक सुविधाएं प्रदान कर रही है जिससे विद्यार्थी के अध्यापन कार्य में कोई परेशानी ना आए सभी विद्यार्थी खूब मन लगाकर पढ़ाई करें और एक कामयाब नागरिक बनकर अपने माता-पिता और अपने गांव का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य रामकिंकर शर्मा द्वारा अतिथियों के समक्ष विद्यालय की गतिविधियां विद्यालय की उपलब्धियां एवं लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए विद्यालय में शिक्षकों की कमी को पूरा कराने की मांग भी रखी गई। जिस पर शीघ्र ही शिक्षकों की कमी को पूर्ण कराने का आश्वासन देते हुए भाव सिंह लोधी ने कहा कि विद्यालय प्राचार्य रामकिंकर शर्मा बहुत ही लगनशील निष्ठावान और कर्तव्य परायण हैं मुझे इनके साथ एक बार पर्यवेक्षक के रूप में भी कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है और मुझे विश्वास है कि प्राचार्य शर्मा जी के मार्गदर्शन में विद्यालय नित नई ऊंचाइयों को छूएगा। इस अवसर पर चंदन सिंह ठाकुर, मुलायम चंद्र जैन, अजय राय, मनोहर राय, गुड्डा ठाकुर, शिक्षक चरण सिंह ठाकुर, ओंकार सिंह ठाकुर, सोबरन सिंह ठाकुर, गायत्री मरावी, माया यादव, संध्या देवी, दिव्या तिवारी, राजेंद्र यादव सहित अनेकों छात्र-छात्राओं एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

# मंदिर के शताब्दी महोत्सव पर झूम झूमकर नाचे भक्त

## स्वर्ण कलश से हुआ श्री जी का महामस्ताभिषेक



**हटा।** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन त्रिमूर्ति मंदिर के सौ वर्ष पूर्ण होने पर एक सप्ताह से चल रहे धार्मिक अनुष्ठान का शनिवार को पूजन हवन के साथ समापन हुआ। मंदिर जी के सौ वर्ष पूर्ण होने पर बड़ी संख्या में भक्त श्रृद्धालु मंदिर पहुंचे जहां संगीतमय अभिषेक शांतिधारा पूजन हुआ। ब्रम्हचारी संजय भैया मुरैना के मार्गदर्शन में आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं नवाचार्य श्री समय सागर जी महाराज की संगीतमय पूजन में श्रद्धालुओं ने हिस्सेदारी दर्ज कराई। मंदिर जी के सौ वर्ष पूर्ण होने पर मूल नायक श्री पार्श्वनाथ भगवान का स्वर्ण कलश से अभिषेक किया गया। शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर भक्तों के द्वारा बधाई नृत्य के साथ बुन्देली लोककलाओं पर आधारित नृत्य भी किये। हवन में आहूतियां दी गई। इस अवसर पर श्रीजी की भव्य शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई, जिसमें सभी पीताम्बर वस्त्र धारण करके श्रीजी के साथ गाजे बाजे नृत्य करते हुए चल रहे थे। जगह जगह रंगोली सजाई गई। मंगल गान हुए, श्रीजी की आरती उतारी गई। इसके उपरांत सौधर्म परिवार के द्वारा वात्सल भोज का आयोजन किया गया।

# विधिक जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न



**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह (म.प्र.) में आज विधिक सहायता केंद्र के तत्वावधान में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्रवक्ता के रूप में पधारे जिला न्यायाधीश श्री जितेंद्र नारायण सिंह चतुर्थ जिला न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विभिन्न प्रकार के अपराधों, साइबर सुरक्षा, पॉक्सो एक्ट, नशीले पदार्थों के दुष्परिणाम, सड़क सुरक्षा तथा हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग आदि विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी एन एस एस एवं एनसीसी सहित महाविद्यालय के 100 से भी अधिक विद्यार्थियों को प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन एवं कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. जी. पी. अहिरवार रहे तथा मंच संचालन का दायित्व डॉ. मंगल सिंह ने किया। इस अवसर पर एन. एस. एस. जिला संगठक डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी, एनसीसी अधिकारी डॉ. के. एस. बामनिया, तथा इको क्लब प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों डॉ. एन. आर. सुमन, डॉ. आर. के. व्यास, डॉ संध्या पिंपलपुरे, डॉ. एन. पदमा कुमार, श्रीमती नाज़नीन बेगम, श्रीमती दुर्गा अहिरवार तथा डॉ ऋषिभा दीक्षित की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## अजनबी से सावधान रहने दिया प्रशिक्षण



**दमोह।** टाईम्स पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु 'अजनबी से सावधान' विषय पर एक विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यकम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अजनबियों से जुबे खतरों के बारे में जागरूक करना और सुरक्षित रहने के त्तपाय बताना था। इस गतिविधि के अंतर्गत बच्चों को यह भी सिखाया गया कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति से मिठाई चॉकलेट, खिलौने, उपहार या सवारी का प्रस्ताव स्वीकार ना करें। गतिविधि को और प्रभावी बनाने के लिए शिक्षिकाओं ने नाटय-रूपांतरण और विभिन्न स्थितियों पर चर्चा कर बच्चों को सही प्रतिक्रिया देना सिखाया।

## बच्चों ने मिट्टी से बनाई भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा



**दमोह।** गणेश उत्सव की पूर्व तैयारी हेतु गणेश मूर्ति निर्माण गतिविधि इसी बौरान शाला में दूसरी ओर आगामी गणेश उत्सब के स्वागत हेतु कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों के बीच गणेश मूर्ति निर्माण की गतिविधि का आयोजन किया गया। गतिविधि का आयोजन शाला के कला शिक्षक अभिषेक मुलां के मार्गदर्शन में विद्यालय प्रांगण में किया गया। बच्चों ने मिट्टी का सपयोग करके सुन्दर एंव पर्यावरण अनुकूल गणेश प्रतिमाएँ तैयार की। निर्माण के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को गणेश चतुर्थी के महत्व को बताया।

## 374 किलो बेसन के लिए गए नमूने

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा निरीक्षण कार्यवाही करते हुए दमोह में बजरिया वार्ड नंबर 6, शासकीय उचित मूल्य दुकान के पीछे स्थित किशोर ठाकुर बेसन लड्डु निर्माता के यहां औचक निरीक्षण किया गया। कार्यवाही में परिसर से विक्रय हेतु संग्रहित बेसन लड्डु के नमूने जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर बेसन लड्डु 374 किलो मात्रा बाजार मूल्य 37,400 रुपए को नियमानुसार जब्त किया गया। इस दौरान बेसन, वनस्पति डालडा, शक्कर बूरा, मैदा एवं फूड कलर की मैजिक बॉक्स की सहायता से गुणवत्ता की जांच की गई। बेसन लड्डू निर्माता को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया गया।

# पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**तेन्दूखेड़ा।** केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश को हरा-भरा बनाने के लिए और पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रदेश भर में पौधारोपण किया जा रहा है और प्लांटेशनो का भी निर्माण किया जा रहा है। इसी तरह पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शुक्रवार को को जबलपुर मार्ग पर स्थित शासकीय आदिवासी महाविद्यालय बालक छात्रावास व शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां छात्रावासों के अधीक्षकों व बच्चों द्वारा छात्रावास परिसर में 35 पौधा का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और बच्चों को जागरूक किया। पौधा रोपित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अधीक्षक मनीष झारिया ने कहा कि एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल है। लोगों में इस अभियान को लेकर खासा उत्साह है। आने वाली पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए। अधीक्षक सोने सिंह ठाकुर ने कहा कि मां के नाम पेड़ लगाने से अपनी मां का सम्मान तो होगा ही साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी।

# भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी विवाह : प्रेम, भक्ति और धर्म का अद्भुत संगम



**तेंदूखेड़ा।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम अजीतपुर खमरिया में चल श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन पं उमाशंकर शास्त्री कथावाचक ने भगवान श्री कृष्ण व माता रूकमिणी विवाह, सहित सभी विवाह का वर्णन बड़े मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी जी के विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी विवाह की कथा केवल एक प्रेम कथा नहीं, बल्कि यह भक्ति, श्रद्धा और परमात्मा के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। विदर्भनंदिनी रुक्मिणी जी ने श्रीकृष्ण को ही अपना पति स्वीकार किया और संदेशवाहक बनाकर ब्राह्मण के माध्यम से श्रीकृष्ण को पत्र भेजा। जब रुक्मिणी का अपहरण कर श्रीकृष्ण उन्हें रथ में बिठाकर ले गए और चतुर्मुख ब्रह्मा तथा अन्य देवताओं की उपस्थिति में विधिपूर्वक विवाह संपन्न हुआ, तो पूरा ब्रह्मांड आनंदमय हो उठा।पूज्य कथा वाचक जी ने कहा कि यह प्रसंग हमें यह सिखाता है कि यदि भक्ति सच्ची हो, तो भगवान स्वयं अपने भक्तों के लिए सभी सीमाएं तोड़ देते हैं। रुक्मिणी जी का आत्मसमर्पण, उनका धैर्य और श्रीकृष्ण की लीला आज भी भक्तों के हृदय को छू जाती है। इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, और भजन-कीर्तन से संपूर्ण वातावरण कृष्णमय हो गया। कथा के उपरांत रुक्मिणी विवाह की झांकी का सुंदर आयोजन भी किया गया, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया कथा के दौरान धार्मिक प्रसंगों को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने कहा कि पुण्य सफल होने पर श्रीमद् भागवत कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने से सभी पुण्य सफल हो जाते हैं और पाप नष्ट हो जाते है। कहा कि सभी को अपने जीवन में किसी भी एक नेक कार्य को पूरी लगन और मन से करना चाहिए जिससे खुद का मन प्रफुल्लित हो। कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी विवाह का प्रसंग काफी रोचक रहा। रुक्मणी और श्री कृष्ण विवाह की मनमोहन धार्मिक झांकी निकाली गई। भगवान श्री कृष्ण और माता रुक्मणी का विवाह संपन्न होने के बाद महिलाओं ने विवाह और मंगल गीत गाया। कथा के दौरान मुख्य यजमान नीलेश यादव रमा बाई यादव मनीष शास्त्री राम दुबे गोलू तिवारी एवं समस्त श्रद्धालु ग्रामवासी क्षेत्रवासी सम्मिलित रहे।

## खबर संक्षेप

### शहरी क्षेत्र दमोह में 30 अगस्त तक सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा सकेंगे

**दमोह।** आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्र दमोह के साथ अंतर्गत आने वाले शेष 8000 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के उद्देश्य से आज शहर के प्रमुख चौराहों तीन गुल्ली, जबलपुर नाका एवं टॉकीज चौराहा में विशेष स्टॉल लगाये गये। इन विशेष स्टॉलों में 22 आयुष्मान कार्ड बनाये गये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के.अठया ने बताया कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बने इसके लिए शहरी क्षेत्र दमोह में नियमित रूप से 30 अगस्त 2025 तक नियत स्थान पर सुबह 08 बजे से 10.30 बजे के दौरान विशेष स्टॉल लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया आज लगाये गये विशेष स्टॉल जबलपुर नाका चौराहा में 12, तीन गुल्ली स्थित स्टॉल में 07 एवं टॉकीज चौराहा में 03 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये।

### वृक्षारोपण में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने रोपित किय पौधे

## गौ लोकधाम में हुआ वृहद वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गौ लोक धाम सेवा संस्थान ग्राम गुंजी द्वारा जिला प्रशासन जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन मंट ₹गौ लोक धाम₹ में दमोह लोकसभा क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह लोधी की मौजूदगी तथा तुलसीराम तिवारी एवं कृष्णा पटैल के नेतृत्व में बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस अवसर पर 101 विकसित पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया , हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, जटाशंकर धाम दमोह के महंत मोनू पाठक उपस्थित रहे । इस दौरान सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आज गौ लोकधाम ग्राम गुंजी केवृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित होकर अभिभूत हूं, आज का यहकार्यक्रम ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है, निश्चित रूप से आने वाले समय में यह क्षेत्र प्राकृतिक दृष्टि से बहुत समृद्ध होगा। निरंतर इस प्रकार के आयोजन करने वाले पेशवा तुलसीराम तिवारी और उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूं ।राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा कि गौ लोक धाम में आकर आनंदित हूं, यह क्षेत्र गौ सेवा और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी की आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया है, बांदकपुर धाम के आसपास के क्षेत्र को विकसित करने हेतु युवाओं की यह टीम निश्चित रूप से बधाई की पात्र है। आने वाले समय में यह क्षेत्र जिले में अलग पहचान स्थापित करेगा। हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने कहा हमारे विधानसभा के ग्राम गुंजी में स्थित गौ -लोक धाम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया है हम सभी को विभिन्न शुभ अवसरों पर वृक्षारोपण कर प्रकृति का संरक्षण और अभियानों को सफल बनाना चाहिए । इस दौरान विशेष रूप से जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर मंदिर के प्रबंधक रामकृपाल पाठक, वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र दुबे, जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र चटन पटेल, नरेंद्र बजाज, वीरू नेमा, हाकम सिंह, संगीता श्रीधर, समाजसेवी नर्मदा सिंह एकता, बबली विश्वकर्मा, सुशील गुप्ता, बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा,पप्पू सिंह, बृजेश ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, सरपंच रीकेश चौबे, कल्लन पटेल, सोनू ठाकुर, जन अभियान परिषद जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव, विकासखंड समन्वयक वंदना जैन, गोलू चौबे, नितिन सिंह तोमर, चंद्रपाल सिंह, अरविंद पाठक, महेंद्र तिवारी, अंशु दुबे, शंकर गौतम, निर्देश अवस्थी, हरीश पटेल, बांदकपुर निजी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं, नायब तहसीलदार प्रेम सिंह, लक्ष्मण पटेल, लक्ष्मण तिवारी, राजकुमार सेन,अरविंद लोधी, रघुवीर रजक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों अधिकारियों समाजसेवियों एवं पर्यावरण प्रेमियों की उपस्थिति रही ।

### सचिव को निलंबित करने सीईओ जिला पंचायत को दिए निर्देश...

## तीर्थ यात्रा में अनियमिताओं के आरोप में कलेक्टर ने चार को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मुख्य मंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत कामाख्या देवी तीर्थ यात्रा में अनियमिताओ की जांच उपरांत पदीय दायित्वो के निर्वहन में लापरवाही एवं गंभीर कदाचरण का घोतक मानते हुए म.प्र.सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) 1966 के नियम 09 के तहत कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अपर कलेक्टर के प्रतिवेदन पर कार्यवाही करते हुए सहायक ग्रेड-03 प्रेमनारायण सारथी, पटवारी तहसील दमोह शैलेन्द्र6 सिह, पटवारी तहसील दमयन्ती नगर दमोह वीर विक्रम अहिरवार, राजस्० निरीक्षक तत्काकलीन तहसील पथरिया (वर्तमान तहसील दमोह) धरम सिंह परस्ते को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेशानुसार निलंबन अविध में श्री सारथी सहायक ग्रेड-03 जिला कार्यालय दमोह का मुख्या्लय तहसील कार्यालय हटा, श्री ठाकुर पटवारी तहसील दमोह का मुख्योलय तहसील कार्यालय तेन्दूजखेडा, श्री अहिरवार पटवारी तहसील दमयन्तीप नगर दमोह का मुख्यालय तहसील कार्यालय जबेरा, श्री परस्तेह तत्कुालीन राजस्व निरीक्षक तहसील पथरिया (वर्तमान तहसील दमोह) का मुख्यापलय तहसील कार्यालय हटा नियत किया गया है। संबंधितों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ताल की पात्रता होगी। कलेक्टर श्री कोचर ने जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित किया है कि सचिव जनपद पंचायत पथरिया दशरथ प्रसाद पटेल को नियमानुसार तत्कानल प्रभाव से निलंबित करते हुये कृत कार्यवाही से कलेक्टर कार्यालय को अवगत कराया जाए।

## भारतीय रेडक्रास सोसायटी की निर्वाचन प्रक्रिया स्थगित

**दमोह।** संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत का स्थानांतरण जिला सागर में अपर कलेक्टर के पद पर हो जाने के फलस्वरुप उन्हें दमोह से भारमुक्त किए जाने के साथ ही वर्तमान में वर्षा की चेतावनी होने एवं राहत संबंधी कार्य चलने के मद्देनजर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने 25 अगस्त को होने बाली जिला साधारण सभा की बैठक अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रिया स्थगित कर दी है। साधारण सभा की बैठक अंतर्गत निर्वाचन की आगामी कार्यक्रम की सूचना पृथक से जारी की जाएगी। ज्ञातव्य है भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा दमोह की साधारण बैठक में जिला प्रबंध समिति के 10 सदस्य/जिला प्रतिनिधि राज्य साधारण सभा के 02 सदस्य/जिला प्रतिनिधि राज्य प्रबंध समिति के 01 सदस्य का निर्वाचन 25 अगस्त 2025 को मानस भवन दमोह में संपन्न कराने संबंधी सूचना जारी की गई थी तथा निर्वाचन संपन्न कराये जाने हेतु संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत दमोह को रिटर्निंग ऑफीसर पदविहित किया गया था।

## रियाना गांव में अब नहीं बिकेगी शराब, उल्लंघन करने पर 20 हजार जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले की ग्राम पंचायत रियाना और जुझार गांव ने मिलकर एक बड़ा फैसला लिया है - गांव में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध! ग्रामीणों ने राधा कृष्ण मंदिर जुझार एवं रियाना चंडी माता मंदिर में शपथ ली है कि वे शराब पीने, बेचने और बनाने पर रोक लगाएंगे। जो कोई भी इस नियम का उल्लंघन करेगा, उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इतना ही नहीं, शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों पर घूमने वालों पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत के सरपंच दर्शन सींग लोधी ने बताया कि यह फैसला सर्वसम्मति से लिया गया है और जो लोग नहीं मानेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें सामाजिक बहिष्कार और पुलिस में शिकायत भी शामिल है। यह पहल बांदकपुर के ग्रामीण अंचल ग्राम पंचायत हलगज से शुरू हुई थी और अब रियाना में भी इसे लागू किया गया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और भगवती मानव कल्याण संगठन का इसमें अहम सहयोग रहा है। इस दौरान रियाना और जुझार गांव विशाल नशामुक्ति रैली निकाली गई । ग्रामीणों ने इस फैसले का स्वागत किया है और नशा मुक्ति के इस अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। अब यह अभियान बलारपुर रजंरा पहुंचेगा, जहां भी पूर्ण शराबबंदी का निर्णय लिया जाएगा। इस दौरानइस अवसर पर पूर्व लोधी समाज के जिला अध्यक्ष हाकम सिंह, जनपद सदस्य पप्पू सिंह, ग्राम पंचायत रियाना सरपंच दर्शन सिंह,मुड़ारी सरपंच मुकेश सिंह, गुंजी सरपंच राकेश चौबे, कल्याण प्रसाद अठया, कड़ोरी सेन, हेमेंद्र असाटी राजन, राकेश सिंह लोधी, रक्कू सिंह, राजू सिंह लोधी, पप्पू सिंह लोधी, अमर सिंह, दीपेश पांडे, दौलत सिंह, रज्जू सिंह, हल्ले सेन नीरज महोबिया, खिलान महोबिया, शिव सिंह लोधी, नेहाल सेन, विजय अठया की उपस्तिथि रही

## बालिका से दुराचार का आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

**दमोह।** नाबालिग को धमकाकर उसका शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में कुम्हारी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ती सोमवंशी, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन मे एसडीओपी महोदय हटा प्रशांत सिंह सुमन के निर्देशन पर थाना प्रभारी कुम्हारी उनि. बृजेश पाण्डेय व उनकी पुलिस टीम व सायवर सेल के प्रयास से वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशानुसार महिलाओ के विरुद्ध घटित अपराधो मे शीघ्र कार्यवाही करते हुए कांटी पावर हाउस ग्राम कांटी थाना मडियादौ के पास से दिनांक- 22.08.25 को रात्री के समय लगभग 09.10 बजे नावालिंग को धमकाकर उसका शारीरिक शोषण (बलात्कार) करने बाले आरोपी, जो बाहर भागने की फिराक में था उसको गिरफ्तार किया है। थाना कुम्हारी क्षेत्र के पुष्पेन्द्र ने थाना क्षेत्र की ही एक 13 वर्षीय नावालिंग लडकी को उसके माता-पिता को जान से खत्म करने का डर दिखांकर डरा धमकाकर उसका शारिरिक शोषण (बलात्कार) किया जिससे नावालिग लङकी 03 माह के गर्भ से है। आरोपी को पकड़ने में सराहनीय कार्य करने वालों में उनि. बृजेश कुमार पाण्डेय, आर. राजेश कुमार, आर. जीवन पटेल, आर. बलवंत लोधी, आर. रामबहादुर, आर. नितेन्द्र राजपूत, म.आर. आरती पटेरिया एवं सायवर सेल से प्र. आर. राकेश अठया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## दो ईनामी आरोपियों को किया गिरफ्तार

**दमोह।** थाना तेंदूखेडा जिला दमोह पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले दो ईनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 07.03.2025 को पीडिता निवासी जामुनखेडा थाना तेंदूखेडा जिला दमोह व्दारा अनावेदको के विरूद्ध कमरे के अंदर पीडिता के साथ गलत काम करने बावत रिपोर्ट लेख कराई। रिपोर्ट पर थाना तेंदूखेडा में अपराध क्र. 88/25 धारा 127(2), 65(1), 49,3 (5) बीएनएस 4,17 पाक्सो एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 2000-2000 रूपये के ईनाम की उद्घोषणा की गई थी। निर्देशन - श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदयश्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय सुजीत भदोरिया एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय तेंदूखेडा श्री देवीसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना तेंदूखेडा पुलिस की गठित टीम द्वारा ईनामी आरोपिया और बाल अपचारी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपी सरोज लोधी उम्र 23 साल थाना तेंदूखेडा 2. विधि विवादित बालक कार्यवाही में शामिल रहा। कार्यवाही करने वाले में पुलिस बल थाना प्रभारी तेंदूखेडा उनि. नीतेश जैन, सउनि गजराज सिंह, प्रआर. बृजेश तिवारी, म.आर. सरस्वती लोधी, आर. रणधीर सिंह, आर. शैलेन्द्र बघेल, आर. राममिलन घोषी, आर. विशाल बैन का विशेष योगदान रहा।

## जिले की सिंचाई योजनाओं से संबंधित अह्म बैठक संपन्न

**दमोह ।** ब्यारमा नदी की परियोजना जो केन-बेतवा लिंक परियोजना से जोड़ रहे है यह जुड़ने के बाद किसानों को लगभग 1.50 लाख हेक्टेयर खेतों को पानी मिलने वाला है यदि इन पॉच परियोजना को मिला लें तो 2 लाख हेक्टेयर जमीन को सिंचाई हेतु पानी मिलने वाला है और हमारे जिले में 03 लाख 17 हजार हेक्टेयर के आसपास जमीन खेती के योग्य है। एक ऐसी योजना तैयार की जाये जिससे 01 लाख से 1.25 लाख हेक्टेयर पानी मिल सके और हमारा पूरा जिला 100 प्रतिशत सिंचित हो सके। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित सिचाई योजनाओं से संबंधित अह्म बैठक में परियोजनाओं की समीक्षा करते हुये व्यक्त किये। इस अवसर पर विधायक हटा उमादेवी खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, विधायक प्रतिनिधि सिद्धार्थ मलैया, किसान संगठन के पदाधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे। राज्यमंत्री श्री पटेल ने जिले की सिंचाई संबंधी परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में कृषि अधिकारियों से पूंछा जिले में खाद की स्थिति क्या है और आने वाले समय में क्या प्लान है उसमें जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारी, मार्केटिंग फेडरेशन और कृषि विभाग के सभी अधिकारी के साथ बात हुई। उन्होंने कहा किसान संघ और हम लोग जब भी गॉव में भ्रमण पर जाते है, उसका भी अनुभव हो रहा था कि सिचाई विभाग में जो काम हुए है वह अपडेट नही हुए है, सिचाई विभाग की समीक्षा और हमारी जो 05 बड़ी बड़ी परियोजना है जूड़ी, साजली, पंचमनगर,सीतानगर यह परियोजनायें अभी तक पूरी नही हुई, इसके क्या कारण है और कब तक पूरी होगी इस पर चर्चा हुई।

## अग्रसेन जयंती की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**दमोह।** मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा दमोह की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस आयोजन का प्रयोजन अग्रसेन जयंती पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना था। बैठक अग्रवाल धर्मशाला



दमोह में आयोजित की गई इसमें सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखें यह निर्णय लिया गया कि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित करना है। शोभायात्रा में अग्रवाल समाज का भव्य जुलूस निकालना है। यह बैठक हर माह होती है प्रति वर्ष होने वाले गरबा कार्यक्रम इस वर्ष नवरात्रि की तृतीय तिथि पर होना गरबा की प्रैक्टिस पितृपक्ष से चालू हो रही है। सभी अग्र वाल समाज की महिलाओं से निवेदन है अधिक संख्या में शामिल हो मध्य प्रदेश महिला महासभा की उपाध्यक्ष श्रीमती रमा अग्रवाल के निर्देशन में संपन्न हुई। इस बैठक में संभागीय उपाध्यक्ष रीतू अग्रवाल, नगर अध्यक्ष अंजलि, जिला महामंत्री सुमित्रा सचिव, मंजू सहसचिव वंदना सांस्कृतिक मंत्री अर्चना मंत्री ज्योति मीडिया प्रभारी निशा रिद्धि शाशि शैली मंजू दिशा प्रतिभा राखी सोनिका खुशबू महिमा शैल प्रतिभा मेडम गरिमा अनुषा मंजूला राखी द्वारा बैठक की व्यवस्था की गई आदि की उपस्थिति रही।

## युवा कलाकार आदर्श की कलाकृतियाँ जहांगीर आर्ट गैलरी मुंबई में प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





अगस्त 2025 दमोह के युवा कलाकार आदर्श पलंदी ने जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी कलाकृतियाँ मुंबई की जहांगीर आर्ट गैलरी, काला घोड़ा में "रूमिनेशन्स ऑफ़ इकॉलॉजी एंड इंसाइट्स" नामक सामूहिक प्रदर्शनी में प्रदर्शित की जा रही हैं। जहांगीर आर्ट गैलरी भारत की सबसे प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक कला दीर्घाओं में से एक है। यहाँ प्रदर्शनी लगाना हर कलाकार के लिए सम्मान और उपलब्धि माना जाता है। इस प्रदर्शनी का क्यूरेशन अनंत कुमार साहू ने किया है। इसमें देशभर से सात समकालीन कलाकार अपनी कृतियों के साथ शामिल हैंरू आदर्श पलंदी, अमित लोध, अनंत कुमार साहू, बालासाहेब, जितेन साहू, नरेंद्र देवांगन, सुवजीत। यह प्रदर्शनी कला, पर्यावरण और मानवीय चिंतन के रिश्तों पर केंद्रित है और विविध दृष्टिकोणों को एक साझा मंच पर प्रस्तुत करती है। प्रदर्शनी विवरण प्रदर्शनी 19 से 25 अगस्त 2025 समय सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक जहांगीर आर्ट गैलरी, ऑडिटोरियम हॉल, काला घोड़ा, मुंबइ आदर्श पलंदी ने कहा कि यह अवसर उनके लिए बेहद खास है और वे दमोह व मध्यप्रदेश के सभी कला प्रेमियों के आशीर्वाद और समर्थन के लिए आभारी हैं।

## कहां गुम हो गई गोचर की ढाई सौ एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

एक ओर जहां केंद्र और राज्य सरकार गौरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है। वहीं दूसरी ओर गौ माता के लिए अधिकृत चरनोई एवं छोटे घास की भूमि पर अतिक्रमण होने से गौ माता को चरने के लिए भूमि ही नहीं रह गई है मवेशी दर-दर की ठोकरे खाते हुए रोड किनारे इधर-उधर भटकते हुए देखे जा सकते हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम गैसाबाद में गोचर एवं छोटे घास की करीबन दो से ढाई सौ एकड़ भूमि थी, जिसमें कुछ पडाव पर पुल के पास, कुछ सजिया हार के नाम से जाने -जाने वाली बहुत लंबी सैर हुआ करती थी जो खेतों को आने जाने का आम रास्ता था भटारिया हार के यहां से जररा हार तक नदी पहुंचने के लिए सार्वजनिक शासकीय सैर हुआ करती थी जो अतिक्रमण के चलते खेतों में तब्दील हो चुकी है। अब तो लोगों को खेत की मेडो पर से निकल कर जाना पड़ता है, गोचर की पूरी जमीन अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुकी है , वर्तमान की स्थिति यह है कि मवेशियों को खड़े होने तक के लिए अब शासकीय जमीन नहीं रह गई है। कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा गोचर एवं छोटे घास की भूमि पर अतिक्रमण करके कृषि कार्य करना आरंभ कर दिया है जिससे मवेशियों को चरने के लिए भूमि नहीं रह गई है पशुपालक अपने जानवरों को अपने घरों में कैद करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। कुछ पशुपालक हरिभूमि को बताते हैं कि पहले हमारे गांव में मवेशियों को चरने के लिए सैकड़ो एकड़ जमीन हुआ करती थी जिस पर हमारे मवेशी विचरण करते थे लेकिन अब मवेशियों को खड़े होने तक के लिए शासकीय भूमि नहीं रह गई है इसलिए मवेशी रोड किनारे बैठे हुए दिखाई देते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मवेशियों के लिए जो थोड़ी बहुत जमीन पडाव पर शेष बची हुई थी उस जमीन पर भी लोगों द्वारा अपने मकान आदि बनाकर पंचायत द्वारा एक नई नर्सरी का निर्माण कर एवं शासन द्वारा उप तहसील कार्यालय और गौशाला का निर्माण करा कर शेष बची जमीन को भी समाप्त कर दिया गया है अब गोचर एवं छोटे घास के नाम पर ग्राम में 1 एकड़ जमीन भी नहीं रह गई है। यहां पर विचारणीय पहलू यह है कि शासन की दो ढाई सौ एकड़ भूमि भर अतिक्रमण होता रहा और राजस्व विभाग को इसकी कोई जानकारी नहीं हुई क्या? ऐसा संभव हो सकता है, इसे राजस्व विभाग की उदासीनता कहे या अतिक्रमण करने वालों की दिलेरी जो खुलेआम धड़ल्ले से शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर कृषि कार्य कर रहे हैं, पशुपालक एवं ग्रामीण जनो ने शासन प्रशासन एवं राजस्व विभाग से गोचर की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की है ताकि गौ माता को उनका अधिकार प्राप्त हो सके। भूखे मर रहे मवेशियों को चारा चरने की व्यवस्था हो सके ।गौ माता के मुंह का निवाला गौ माता के मुंह तक पहुंच सके। इस मामले पर जब संबंधित तहसीलदार से चर्चा की गई तो उनका वही जवाब जो अधिकारियों का अक्सर होता है, देखता हूं कि मामला क्या है।

## संगठन ने पतलोनी में चलाया नशा मुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ



तेंदूखेड़ा जनपद के अंतर्गत ग्राम पतलोनी में 23 अगस्त 2025 को भगवती मानव कल्याण संगठन के पदाधिकारी ने ग्राम पतलोनी में नशा मुक्त करने का कार्यक्रम मां चंडी टोरिया पर ग्राम वासियों के सहयोग से किया गया। भगवती मानव कल्याण संगठन के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लेने बाले व्यक्तियों को बालक बालिकाओं को नशा न करने के संबंध में अनेकों प्रकार के सुझाव दिए। तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा पतलोनी से किसी भी व्यक्ति की शराब बनाने और शराब बेचने की शिकायत आने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। ग्राम के गणमान्य व्यक्तियों ने गांव में नशा करने बाले व्यक्तियों को नशा न करने को कहा कार्यक्रम के अंत में भाग लेने बाले व्यक्तियों को शराब गुटखा तंबाकू का नशा न करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर भगवती मानव कल्याण के अध्यक्ष डॉक्टर सुजान सिंह तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह ठाकुर, शोभा सिह, देवी सिंह, अध्यक्ष हीरा सिंह, भूतपूर्व सरपंच पहारी सिह, जगन्नाथ सिह, जगदीश सिंह, गुलाब सिंह, विनोद सिंह, कुशाल सिंह, नरेंद्र सिंह, बेडी सिंह, सदर देवराज सिंह, कोमल सिंह, पी एम श्री स्कूल के प्राचार्य जे एल अहिरवाल, विजय विश्वकर्मा और समस्त गुरु भाई और ग्राम के गणमान्य व्यक्ति बालक बालिकाओं को कार्यक्रम के अंत में शराब गुटखा तंबाकू छोड़ने नशा न करने की शपथ दिलाई।

**आम सूचना**

मैं, मेरु नायक, पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार नायक, निवासी धगट चौराहा, नया बाजार नं. 3, यह घोषित करता हूँ कि मेरी कक्षा 10वीं की अंकसूची (मार्कशीट) में मेरे पिता का नाम गलत रूप से 'राजेन्द्र कुमार जैन' अंकित हो गया है। मेरे पिता का सही नाम 'राजेन्द्र कुमार नायक' है, जो अन्य सभी शैक्षणिक एवं सरकारी दस्तावेजों में विधिवत दर्ज है। अतः यह सूचित किया जाता है कि मेरे पिता का वास्तविक एवं सही नाम राजेन्द्र कुमार नायक है। भविष्य में सभी शैक्षणिक, सरकारी एवं कानूनी दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम 'राजेन्द्र कुमार नायक' ही मान्य एवं प्रमाणित होगा।

**शपथकर्ता- मेरु नायक**